भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2943
उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2026

बिहार के दरभंगा में **5**जी नेटवर्क

2943. श्री गोपाल जी ठाकुर:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) बिहार तथा विशेषकर दरभंगा में बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क के अंतर्गत अब तक स्थापित एवं चालू किए गए 4जी टावरों की संख्या और उनका ब्यौरा क्या है;
(ख) भारतनेट योजना के अंतर्गत दरभंगा जिले में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ी गई ग्राम पंचायतों की संख्या और उनका ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का विचार दरभंगा जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गति की इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कोई समयबद्ध कार्य-योजना लागू करने का है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार दरभंगा जिले में बीएसएनएल नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त 4जी टावर स्थापित करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है; और
(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) बीएसएनएल ने बिहार में कुल 2,958 स्वदेशी 4जी साइट स्थापित की हैं और 2,935 4जी साइट चालू की हैं, जिसमें दरभंगा जिले की 115 4जी साइट शामिल हैं।
(ख) और (ग) दरभंगा ज़िले में, 324 ग्राम पंचायतों (जीपी) को फ़ेज़-I और II में भारतनेट के तहत जोड़ दिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने भारतनेट के पहले चरण और दूसरे चरण के तहत बनाए गए मौजूदा नेटवर्क के उन्नयन के लिए और नई ग्राम पंचायतों के लिए अतिरिक्त नेटवर्क बनाने, तथा मांग के आधार पर ग्राम पंचायत विहीन गांवों के लिए, प्रचालन और रखरखाव और फाइबर इंटरनेट कनेक्शन के प्रावधान के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को अनुमोदित किया है।
(घ) और (ङ) जी नहीं, महोदय।

****